प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

18.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कल होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरे जोरों पर है। इस चरण में 17 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर चुनाव होगा। इस चरण में एक हजार 6 सौ 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पहले चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो गया। इस चरण में अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, उत्तराखंड और तमिलनाडु की सभी सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, असम और महाराष्ट्र की 5–5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, मणिपुर की 2 और छत्तीसगढ़, त्रिपुरा व जम्मू कश्मीर की एक–एक सीट पर भी चुनाव होगा। लोकसभा के पहले चरण के साथ–साथ इसी दिन अरूणाचल प्रदेश और सिक्किम में नई विधानसभाओं के लिए भी चुनाव होंगे।

ईसीआई

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव की अधिसूचना आज जारी कर दी गई। इस चरण में 13 मई को 9 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इस बीच लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। तीसरे चरण में 10 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशा में लोकसभा की 94 सीटों के लिए 7 मई को चुनाव होगा।

चुनाव प्रचार

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और विदेशों में भी भारत की साख बढ़ रही है। राजीव बिंदल लाहौल स्पीति दौरे के दौरान स्पीति मंडल में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने दावा किया कि देश में एक बार फिर भाजपा सरकार बनने जा रही है और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर भी भाजपा जीत दर्ज करेगी। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं के साथ आगामी चुनाव में जीत के लिए रणनीति बनाई और आहवान किया कि लोकसभा व विधानसभा के प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्त्ता एकजुट होकर कार्य करें। राजीव बिंदल आज किन्नौर जिले में पार्टी कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

प्रतिभा सिंह

इस बीच कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि मंडी संसदीय क्षेत्र के चुनाव को लेकर कल 19 अप्रैल को शिमला स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक के जरिये जीत के लिए रणनीति बनाई जाएगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र उनका चुनाव क्षेत्र रहा है और इस बार पार्टी ने उनकी जगह एक युवा कर्मठ व अनुभवी उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र के सभी नेता एकजुट हैं और विक्रमादित्य सिंह भारी मतों से इस सीट पर जीत दर्ज करेंगे।

मौसम

प्रदेश में आज से मौसम फिर करवट बदल रहा है। राजधानी शिमला सहित कई जिलों में आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज से अगले दो दिनों तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश, तेज हवाएं और कहीं—कहीं ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

कांगड़ा–हमीरपुर पर कांग्रेस का फैसला कल शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है दिल्ली में होगी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक, मुख्यमंत्री–प्रदेशाध्यक्ष संग उप मुख्यमंत्री भी रहेंगे मौजूद। अमर उजाला के शब्द हैं मंडी संसदीय सीट के लिए कल रणनीति बनाएगी कांग्रेस।

गगरेट से पूर्व विधायक राकेश कालिया की कांग्रेस में वापसी अमर उजाला की एक खबर है। पंजाब केसरी के शब्द हैं राहुल की सिफारिश पर कालिया की कांग्रेस में एंट्री।

दैनिक जागरण ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखा है कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व व रामसेतु पर उठाए प्रश्न। आपका फैसला ने शीर्षक दिया है महिलाओं को 1500 रूपए देने में असमर्थ रही सरकार।

अगले माह मोदी की दो रैलियां कराने की तैयारी, एक मंडी में अमर उजाला की एक खबर है।

दवा सैंपल फेल होने की खबर को दैनिक सवेरा टाइम्स ने शीर्षक दिया है गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरी 19 दवाएं जिनमें 10 दवाएं बददी–बरोटीवाला के दवा उद्योगों की हैं। आपका फैसला ने लिखा है हिमाचल प्रदेश के उद्योगों में निर्मित 19 दवाओं के सैंपल फेल। पंजाब केसरी के शब्द हैं प्रदेश में बनी दवाओं के 4 महीने में रिकॉर्ड सैंपल फेल।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है प्रदेश में आज पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय–दो दिन किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य 10 जिलों में 50 किलोमीटर की रफतार से चलेगी आंधी। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं मौसम फिर बदलेगा रंग, बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का अलर्ट। पंजाब केसरी ने लिखा है फिर बिगड़ेगा मौसम, आज से दो दिन रहेगा ऑरेंज अलर्ट, आगामी 2 दिन रहेगा यैलो अलर्ट।